जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
दिनांक : 19.08.2025

प्रेस विज्ञप्ति
(सं. 2025–26/360)

**सुगम रेल संचालन व यात्रियों की सुविधा हेतु**
**गोरखपुर–गोंडा रेलखण्ड के मध्य किया जा रहा है तीसरी लाइन डालने का कार्य**
**कार्य के कारण रेलसेवाएं रद्द/आंशिक रद्द/मार्ग परिवर्तित/रीशड्यूल होगी**

रेलवे द्वारा गोरखपुर–गोंडा रेलखण्ड पर गोरखपुर–डोमिनगढ स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन डालने हेतु एवं गोरखपुर–आनन्द नगर रेलखण्ड पर गोरखपुर–नकहा जंगल स्टेशनों के मध्य दोहरीरकण कार्य हेतु नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी :–

**रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)**

1. गाडी संख्या 12555, गोरखपुर–बठिण्डा एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 21.09.25 से 27.09.25 तक (07 ट्रिप) रद्द रहेगी।
2. गाडी संख्या 12556, बठिण्डा– गोरखपुर एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 22.09.25 से 28.09.25 तक (07 ट्रिप) रद्द रहेगी।

**आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)**

1. गाडी संख्या 19409, साबरमती–थावे रेलसेवा जो दिनांक 25.09.25 को साबरमती से प्रस्थान करेगी वह बस्ती तक ही संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा बस्ती–थावे के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
2. गाडी संख्या 19410, थावे– साबरमती रेलसेवा दिनांक 27.09.25 को थावे के स्थान पर बस्ती से प्रस्थान करेगी अर्थात् यह रेलसेवा थावे– बस्ती के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

**मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं**

1. गाडी संख्या 19269, पोरबंदर–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 25.09.25 को पोरबंदर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग लखनऊ–सुल्तानपुर–वाराणसी–औड़िहार –छपरा–मुजफ्फरपुर होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तिन के कारण यह रेलसेवा मार्ग में गोंडा, गोरखपुर, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, चकिया स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।
2. गाडी संख्या 19615, उदयपुर सिटी–कामाख्या एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 22.09.25 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग लखनऊ–सुल्तानपुर–वाराणसी–औड़िहार –छपरा होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तिन के कारण यह रेलसेवा मार्ग में अयोध्या धाम, मनकापुर, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।
3. गाडी संख्या 19616, कामाख्या–उदयपुर सिटी एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 25.09.25 को कामाख्या से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग छपरा– औड़िहार –वाराणसी–सुल्तानपुर–लखनऊ होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तिन के कारण यह रेलसेवा मार्ग में भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या धाम स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।

**रीशड्यूल रेलसेवाएं**

1. गाडी संख्या 15909, डिब्रुगढ–लालगढ रेलसेवा दिनांक 22.09.25 को डिब्रुगढ स्टेशन से अपने निर्धारित समय से **01 घंटे** 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।
2. गाडी संख्या 15909, डिब्रुगढ–लालगढ रेलसेवा दिनांक 25.09.25 को डिब्रुगढ स्टेशन से अपने निर्धारित समय से **04 घंटे** देरी से प्रस्थान करेगी।
3. गाडी संख्या 15910, लालगढ– डिब्रुगढ रेलसेवा दिनांक 25.09.25 को लालगढ स्टेशन से अपने निर्धारित समय से **03 घंटे** देरी से प्रस्थान करेगी।

**वरि. जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**